दशकुमार - पूर्वपीठिका

॥ श्रीः ॥

हरिदास संस्कृत ग्रन्थमाला

८ २

महाकविदण्ड्याचार्यप्रणीत-

दशकुमार-पूर्वपीठिका

'बालविबोधिनी'-'बालक्रीडा' टीकाद्वयोपेता

संस्कृतटीकाकारः—

साहित्याचार्य पं० श्रीताराचरणभट्टाचार्यः

हिन्दीटीकाकारः—

साहित्यरत्न पं० श्रीकेदारनाथ शर्मा

चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी-१

१९७७

उपोद्घात

महाकवि दण्डी

महाकवि दण्डीकी उत्पत्ति सातवीं शताब्दीमें हुई। यों तो इनकी उत्पत्तिके समयनिर्धारणमें विद्वानोंमें मतभेद है परन्तु अवन्तिसुन्दरीके आधारपर इनके जीवनचरितका कुछ वर्णन इस प्रकार है :—महाकवि दण्डी, किरातार्जुनीयके रचयिता कविवर भारविके परममित्र दामोदरके प्रपौत्र थे अथवा कुछ विद्वानोंके कथनानुसार महाकवि भारविका नाम ही दामोदर था और दण्डी कवि उन्हीं भारविके प्रपौत्र थे। दण्डी कविके पितामहका नाम मनोरथ था तथा पिताका नाम वीरदत्त था। वीरदत्त चार भाई थे। चारों भाइयोंमें वीरदत्त सबसे छोटे तथा दर्शन-शास्त्रके निष्णात थे। दण्डीकी माताका नाम गौरी देवी था। अभाग्यवश दण्डीकवि बाल्यावस्थामें ही मातृ-पितृविहीन हो गये थे। ये काञ्चीपुरीके निवासी थे। यह जनश्रुति तो सुविख्यात है ही कि पल्लवनृपतिके राजकुमारको शिक्षित करनेके लिए उन्होंने अपने प्रख्यात ग्रन्थ 'काव्यादर्श' की रचना की थी। कई लेखकोंके मतोंसे 'काव्यादर्श' में वर्णित राजवर्मा ही काञ्चीके अधिपति पल्लव नृपति हैं। पल्लव नृपति शैवधर्मावलम्बी थे और उसके प्रचारक भी थे। इनका राज्यकाल ईसवी ६९० से ७२५ तक माना गया है। अतएव इन महाकविका समय इतर प्रमाणोंके अनुसार तथा अवन्तिसुन्दरीकी कथाके आधारपर सातवीं शताब्दीका अन्तिम चरण ज्ञात होता है। इस कथनकी पुष्टि इसके द्वारा और भी मानी जाती है कि काव्यादर्शमें कालिदास एवं बाणके वर्णनोंके सदृश वर्णन पाया जाता है। प्रोफेसर तथा इतिहासज्ञ पाठकके कथनानुसार 'काव्यादर्श' में निर्वर्त्य तथा विकार्य एवं प्राप्य हेतुका विभाग वाक्यपदीयकर्ता भर्तृहरि (६५० ई०) के समान किया गया है। परन्तु, महाशय काणेने अपनी सा० द० की भूमिकामें अनेक प्रमाणोंका उद्धरण देकर सिद्ध किया है कि कविवर दण्डी भामहके पूर्ववर्त्ती कवि थे। यह बात अवश्य ध्यान देने योग्य है कि महाशय काणे भामहका काल ६०० ई० के

पश्चात्का मानते हैं ; परन्तु भामहका काल ६०० ई० के बादका कदापि नहीं है अपितु उनका काल ५०० ई० प्रथम अथवा इसके समीप मानें तो कोई हानि नहीं है ।

हाँ, महाशय काणेका कथन विचारने योग्य अवश्य हो सकता है, क्योंकि अवन्तिसुन्दरी कथाको प्रमाणरूपेण माननेमें अभीतक सभी इतिहासज्ञोंमें मतैक्य नहीं है । महाशय काणे स्वमतानुरूप सिद्धान्तके समर्थनमें कहते हैं कि कवयित्री विद्या (विज्जा) वा विज्जकाके नामसे निर्दिष्ट एक श्लोक 'शार्ङ्गधर-पद्धति' में वर्णित है । उक्त श्लोकमें 'काव्यादर्श' का वर्णन है । वह श्लोक निम्नांकित प्रकारसे है—

'नीलोत्पलदलश्यामां विज्जकां मामजानता ।
वृथैव दण्डिना प्रोक्तं सर्वशुक्ला सरस्वती ॥'

इस कथनसे यह सिद्ध ही है कि 'काव्यादर्श' के प्रणेता दण्डी कवि ही हैं । यथाक्रम दसवीं और एकादश शताब्दियोंके आलंकारिकोंने अर्थात् मुकुल भट्ट और मम्मट भट्ट महोदयोंने क्रमतः अपने-अपने अलंकार-ग्रन्थोंमें, जिनके नाम 'अभिधावृत्तिमातृका' तथा 'शब्दव्यापारविचार' रक्खा है, विज्जकाके अनेक श्लोकोंका उद्धरण दिया है, अतएव विज्जकाका समय ८५० ई० पूर्व है । जल्हणकविकी 'सूक्तिमुक्तावली' में राजशेखरकृत जो श्लोक मिलता है ; उससे विदित होता है कि कर्नाटक प्रान्तमें विजयांका नामकी कोई एक कवयित्री सरस्वतीके समान तदानीन्तना थी, जैसा निम्नांकित शार्ङ्गधरपद्धतिके १८४ वें श्लोकसे प्रतीत होता है :—

'सरस्वतीव कार्णाटी, विजयाङ्का जयत्यसौ ।
या विदर्भगिरां वासः कालिदासादनन्तरम् ॥'

विज्जका ही विजयांका थी तथा वही विजयांका । यदि द्वितीय पुलकेशीके कुमार चन्द्रादित्यकी महारानी विजयभट्टारिका रही हो तो उसका काल ६६० ईसवीके समीप माना जाता है । अतः इससे सिद्ध हो गया कि महाशय काणे दण्डी कविको ६०० ई. के समीप मानते हैं तथा अन्य इतिहासकार इन्हें सातवीं

सदीके अन्तिम चरणमें मानते हैं। इन दोना मतोंमें अर्थात् महाशय काणे और अन्य इतिहासवेत्तृमण्डलोंके मतोंमें महाशय काणेका मत कुछ शिथिल मालूम पड़ता है। अस्तु, दण्डी कविके द्वारा रचित ग्रन्थोंमें भी इतिहासकारोंमें मतैक्य नहीं है। राजशेखर कविकृत शार्ङ्गधरपद्धतिके श्लोक १७४ से स्पष्ट विदित होता है कि प्राचीन समयसे दण्डीकविरचित तीन काव्य हैं—जैसा कि माना भी जाता है।

महाकवि दण्डीकी रचना

कुछ इतिहासलेखक दशकुमारचरित तथा काव्यादर्शको, एवं कोई अवन्तिसुन्दरीकथा तथा काव्यादर्शको, दण्डीकविप्रणीत मानते हैं। परन्तु काव्यादर्शको सभी एकमतसे दण्डीकविविरचित मानते हैं। लेकिन, अवन्तिसुन्दरी कथाकी अपेक्षा दशकुमारकी ओर इतिहासज्ञ अधिक मतैक्यमें पाये जाते हैं। कुछ इतिहासज्ञ तो 'छन्दोविचिति' नामक एक काव्यको दंडी कविका तीसरा काव्य माननेके पक्षमें हैं। किन्तु, छन्दस् शब्द छन्दःशास्त्रका नाम ही है। इस नामका कोई काव्य नहीं है। अस्तु, महाशय कीथके मतानुसार दशकुमार चरितांकका भूगोलचित्रण तो हर्षवर्द्धन पूर्वके भारतके वर्णनसे साम्य रखता है। दशकुमारचरितकी भाषाप्रणाली तथा वर्णनशैली भी दण्डीकविके सुबन्धु और बाणभट्टके पूर्वमें होनेकी सूचना देती है। महाकवि भारवि कांचीनगरीके नृपति सिंह विष्णुवर्माके सभापण्डित थे। इससे यह सिद्ध है कि दण्डी कवि सातवीं सदीके उत्तरार्द्धमें थे।

दशकुमारचरित

यह एक सुन्दर गद्यकाव्य है। इसमें पूर्वपीठिका, चरित और उत्तरपीठिका, तीन भाग हैं। पाँच उच्छ्वासोंकी पूर्वपीठिका है। आठ उच्छ्वासोंका चरितभाग है। उत्तरपीठिका तो केवल अष्टम उच्छ्वासकी उपसंहारमात्र है। इस काव्यकी भाषा ललित तथा मधुर है और साथ ही बाणभट्ट एवं सुबन्धु कविकी भाषाओंसे सरल भी है। यह काव्य श्लेषालंकारहीन है। अन्य उपमा आदि अलंकार भी प्रचुरतामें नहीं पाये जाते। इसका कथानक राजवाहनादि

दशकुमारोंकी यात्रा—विलास आदिके आधारपर अति रोचकता एवं सरलतासे लिखा गया है। इसमें पाठकोंको मुग्ध एवं आकर्षित करनेकी खूबी है। चौर-शास्त्र और राजनीतिज्ञान तथा व्यावहारिक ज्ञानका उपदेश तो पदे-पदे है। कुछ स्थलोंमें कामशास्त्रका वर्णन निपुणतापूर्ण वर्णित है। कुछ इतिहासके पारंगत उसे अश्लील होनेसे दोषमय कहते हैं किन्तु साहित्यिक दृष्टिसे वस्तुतः वह गुण ही है। बाण और सुबन्धु कविके सदृश इस काव्यका वर्णित कथाभाग पाठकोंके स्मृतिपटलमें सदा अंकित रहता है। तदानीन्तना व्यवहारोंकी कुटिल-ताएँ तो इसमें कूट-कूटकर भरी हैं। कुछ लोगोंके विचारसे यह काव्य एक लेखकका लिखा नहीं है। उनके विचारोंसे यह दो कवियोंकी कृति है। वे पूर्वपीठिकाके लेखकको अलग तथा उत्तरपीठिकाके लेखकको अलग मानते हैं। वे लोग कहते हैं कि पूर्वपीठिका और उत्तरपीठिकाके सूक्ष्मनिरीक्षणसे एक दूसरेमें साम्य नहीं है। कुछ विद्वानोंके मतसे तो पूर्वपीठिका और उत्तर-पीठिका दण्डीकविनिर्मित हैं ही नहीं। कुछ इतिहासज्ञ तो पद्मनाभनामक कविको उत्त पीठिकाका लेखक मानते हैं। अस्तु··· ।

केवल दशकुमारचरितकी तीन टीकाएँ हैं :— वे टीकाएं पूर्वपीठिका और उत्तरपीठिकापर नहीं हैं। उनके कर्ताओंके नाम तथा टीकाओंके नाम निम्ना-ङ्कित हैं :—शिवराम पण्डितकी 'भूषणा', कवीन्द्राचार्य पण्डितकी 'पदचन्द्रिका' और पण्डित भानुचन्द्रकी 'लघुदीपिका'। ये तीनों टीकाएँ सुप्रसिद्ध हैं। पूर्वपीठिकापर न होनेसे कुछ विद्वानों के मतसे पूर्वपीठिका महाकविदण्डी निर्मित नहीं है।

जो भी हो, प्राचीनताके अनुयायी तो महाकविदण्डी निर्मित पूर्वपीठिका-चरित और उत्तरपीठिका-सहित 'दशकुमारचरित' को मानते हैं। अतः दण्डी कविके ललित पदोंवाले दशकुमारचरितका कौन गद्यकाव्य लालित्य में साम्य कर सकता है?

कृपेच्छु—

—केदारनाथ शर्मा

॥ श्रीः ॥

दशकुमारचरितम्

पूर्वपीठिका

प्रथमोच्छ्वासः

ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः शतधृतिभवनाम्भोरुहो नालदण्डः

❀ अथ बालविबोधिनी ❀

नवनीरधरच्छायां जितपूर्णेन्दुविग्रहाम् ।
नीलां वाऽप्यथवा शुभ्रां काञ्चिदेकां गिरं श्रये ॥
पितरावग्रजन्मानं गुरूंश्चानम्य यत्नतः ।
व्याख्यां दशकुमारस्य कुर्वे बालविबोधिनीम् ॥

आशीर्नमस्क्रिया वस्तुनिर्देशो वापि तन्मुखमित्यनुशासनमनुसरता तत्रभवता कविकुलधौरेयेणाचार्यदण्डिना चिकीर्षितस्य दशकुमारचरिताख्यस्य गद्यकाव्यस्य प्रत्यूहव्यूहविध्वंसनाथ भगवच्चरणारविन्दस्मरणरूपं मङ्गलं कर्त्तुमुपक्रम्यते ब्रह्माण्डेत्यादिना ।

❀ बालक्रीड़ा ❀

नवनीत खा, नवनीत सब लाते* कहाँसे पात्रमें ।
औ मूकको वाचाल भी करते अहो क्षणमात्रमें ॥
जो विस्मयान्वित वस्तुओंकी शक्तिके कर्त्ता सदा ।
वे कृष्णजी सह राधिका जिह्वाग्रणी हों सर्वदा ॥

संसारमें कार्य-कारण दोनोंका नियतसिद्ध एक सम्बन्ध है । जिस स्थानमें कार्य रहता है वहीं कारण रहता है क्योंकि कार्य विना कारणके कभी नहीं होता । यदि यह कहा जाय कि, 'कारण रहनेपर कार्य स्वयमेव हो जाता है' तो यह बात अपूर्ण है एवं अनिश्चित भी है । प्रायः देखा जाता है कि कार्य कारणके रहनेपर भी नहीं होता । अत एव उपर्युक्त बात सर्वथा सत्य है क्योंकि जब कार्य विना कारणके नहीं होता है तब कार्यसाधक कोई दैवीशक्ति है जिसे कार्यप्रतिबन्धक भी कहा जा सकता है । उसी दैवीशक्तिके, जो कार्यकी प्रतिबन्धक है, दूर

---

* जो माखन खाकर गोपियोंकी प्रार्थनापर अपनी लीलासे उसी क्षण बरतन भर देते हैं ।

क्षोणीनौकूपदण्डः क्षरदमरसरित्पट्टिकाकेतुदण्डः ।
ज्योतिश्चक्राक्षदण्डस्त्रिभुवनविजयस्तम्भदण्डोऽङ्घ्रिदण्डः

अत्र कविना वामनरूपेणावतीर्णस्य भगवतो नारायणस्य बलिनियमार्थमाविष्कृतस्य पादत्रयस्य वर्णनं कृतम् । तेष्वेकः पाद ऊर्ध्वमुत्क्षिप्तः समस्तं गगनं, द्वितीयश्चाधोगतः सम्पूर्णां क्षोणीं, तृतीयः पुनर्नाभितो निर्गतो बलेरुत्तमाङ्गं समाक्रान्तवानिति पौराणिकी कथा । रूपकेण कविस्तामेव विशिनष्टि—

ब्रह्माण्डं जगदेव छत्रमातपत्रं तस्य दण्ड आधारयष्टिः। भगवतः समस्तजगदाधारत्वात्। एतेनोर्ध्वपादो गम्यते । शतधृतेर्ब्रह्मणो भवनं गृहमाश्रय इत्यर्थः, यदम्भोरुट् कमलं तस्य नालदण्डो वृन्तभूता यष्टिः, अनेन मध्यमपादो गम्यते। क्षोणी क्षितिरेव नौस्तरणिस्तस्याः कूपदण्डो गुणवृक्षः, एतेन भूतलस्थपादो गम्यते । क्षरन्ती प्रवहमाणा याऽमरसरिदाकाशगङ्गा सैव पट्टिका पताका तस्याः केतुदण्डो ध्वजदण्डस्वरूपः, अयमप्यूर्ध्वपादः । ज्योतिषां ग्रहनक्षत्रादीनां चक्रं मण्डलमेव चक्रं रथ चक्रमित्यर्थः, तस्याक्षदण्डः काष्ठदण्डविशेषः । त्रयाणां भुवनानां समाहारः त्रिभुवनं त्रैलोक्यं तस्य यो व्यापनरूपो विजयस्तत्सूचकः स्तम्भदण्डः । विबुधद्वेषिणामसुराणां

हो जानेपर कार्यसिद्धि हो जाती है । वह कार्यप्रतिबन्धक शक्ति ईश्वरानुकम्पासे ही दूर हो सकती है इसी कारण भक्त जन स्वसम्प्रदायानुसार विशेष तथा सामान्य रीतिसे सज-धज एवं भावनाके साथ परमपिता परमेश्वरका या उनकी कृतियोंका आराधन करते हैं । उसी भावमय भक्तिका नाम मंगलाचरण है जो ग्रन्थारम्भमें की जाती है ।

आगामी सृष्टिके सभी लोग—प्राणिमात्र—इस मंगलाचरण से सुन्दर फल प्राप्त करें इसी कारण ग्रन्थकृत सज्जन अपने-अपने ग्रन्थोंके प्रारम्भमें मंगलाचरण करते हैं, जिसके कारण अध्यापक तथा शिष्यों, पाठक एवं पाठिकाओंको अनायास ही शुभ फलकी प्राप्ति होती है। पूज्यपाद दण्डी कविने भी इसी प्रणालीके आधारपर अपने ग्रन्थ—दशकुमारचरित—की रचनाके आरम्भमें भगवान् वामनके चरणकी बन्दना की, जिससे उनके ग्रन्थकी निर्विघ्न समाप्ति भी हो तथा सुहृदोंको लाभ भी हो । वे अपनी भावमयी भक्ति निम्नरीत्या प्रदर्शित करते हुए भगवान्के चरणकमलोंकी स्तुति करते हैं—

परमपिता परमेश्वर वामन भगवान्का चरणकमलदण्ड आपका तथा पाठक-पाठिकाओंका कल्याण करनेवाला है । जिस समय देवताओंकी कार्यसिद्धिके लिए विष्णु भगवान्ने छद्मवेषी वामनावतार धारण किया था तथा पातालके राजा बलिसे तीन चरण पृथ्वी-दानका संकल्प करा लिया था उस समय राजा बलिको छद्मसे वन्दी करनेके हेतु उन्होंने तीनों लोकोंको नापनेके लिए अपना चरणरूपमात्र दण्ड बनाया था तथा उसे आकाशतक लम्बायमान कर दिया था । उस समय वह चरण जैसा प्रतीत होता था उसीका वर्णन इस श्लोकमें चित्रित किया गया है ।

श्रेयस्त्रैविक्रमस्ते वितरतु विबुधद्वेषिणां कालदण्डः ॥

कालदण्डो यमदण्डस्वरूपः, त्रिविक्रमस्यायमिति त्रैविक्रमो विष्णुसम्बन्धी अङ्घ्रिश्चरणो दण्ड इवेत्यङ्घ्रिदण्डश्चरणदण्डस्ते तुभ्यं तव वा श्रेयो मङ्गलं सुकृतं वा वितरतु ददातु। अत्र रूपकालङ्कारसंसृष्टिः। ब्रह्माण्ड-क्षोणी-स्वर्गङ्गासु छत्र-नौ-पट्टिकानामारोपो भगवच्चरणे दण्ड-कूपदण्ड-ध्वजदण्डत्वारोपे हेतुरिति परम्परितरूपकं तच्चात्राश्लिष्टशब्दनिबन्धनम्। ज्योतिश्चक्राक्षदण्डेत्यत्र तु चक्रशब्दस्य श्लिष्टत्वात् श्लिष्टशब्दनिबन्धनम्। अन्यत्र तु केवलं निरङ्गरूपकम्। तेषाञ्च परस्परनिरपेक्षत्वात् संसृष्टिः। वृत्तञ्चात्र स्रग्धरा।

वह चरण क्या, मानो ब्रह्माण्डरूपी छत्रका स्वर्णमय दण्ड है। अथवा ब्रह्माके उत्पत्ति स्थानरूपी कमलका नाल-दण्ड है। वा पृथ्वीरूपी नौकाका कूपदण्ड (*गुनरखा) है। अथवा स्वर्गसे गिरनेवाली आकाशगंगारूपी पताकाका केतुदण्ड है। अथवा चन्द्रादि नक्षत्रोंके ज्योतिश्चक्रका अक्षदण्ड है। अथवा भगवान्‌के त्रैलोक्य-विजयको सूचित करनेवाला सूचक स्तम्भ है तथा इन्द्रादि देवोंके शत्रुओंको ताड़ना देनेवाला कालदण्ड है।

व्युत्पत्ति

इस श्लोकमें प्रतिपादके अन्तमें आठ बार दण्ड शब्द व्यवहृत हुआ है तथा प्रतिपादके पाँचवें अक्षरके पश्चात् यह शब्द आया है। अतः पादान्त्यानुप्रास और पदान्त्यानुप्रास इसे कहना चाहिये। हिन्दीमें इसे तुकान्त कविता कहा जाता है। परन्तु चौथे पादमें पाँच अक्षरोंके पश्चात् पदान्त्यानुप्रास कुछ शिथिल है क्योंकि वहाँ दण्ड शब्द व्यवहृत नहीं है। इति स्थल में दण्डः शब्द है परन्तु, अङ्घ्रिके पूर्व दण्डो होनेसे स्वरूप–प्रक्रमभंगदोष कहा जा सकता है। यदि प्रकारान्तरसे ये शब्द रचे जायँ तो निर्दोष हो जायँगे।

तीनों भुवनोंको जीतनेके लिए भगवान् वामनने तीन बार पैरको विस्तृत किया इसी भावको झलकानेके लिए त्रिभुवन एवं त्रैविक्रम पद विशेषणरूपसे द्योतित किये गये हैं। अतः इसे परिकरालंकार जानना चाहिये। दण्डी कवि भगवान् वामनके चरणकमलोंमें श्रद्धासे नतमस्तक हो रहे हैं। इससे यहाँ शुद्ध भक्ति प्रकट हो रही है। अंघ्रि अर्थात् चरणको दण्डरूप मानकर सात स्वरूपोंमें उसे व्यक्त करनेका प्रयास किया गया है जिससे यहाँ रूपकालंकार है। वही रूपक ब्रह्माण्डच्छत्रदण्डः क्षोणीनौकूपदण्डः क्षरदमरसरित्पट्टिकाकेतुदण्डः आदि तीनों चरणोंमें अश्लिष्ट परम्परित है तथा 'ज्योतिश्चक्राक्षदण्डः' में श्लिष्टपरम्परित है, अन्य शेष स्थलोंमें साधारण है।

इस सम्पूर्ण ग्रन्थमें पदे-पदे अनुप्रास तथा यमकालंकार आये हैं। अतः उन्हें मैं न

* गुनरखा—अनुकूल पवनकी ओर बिना पतवार नौका ले जाते समय जो बाँस जलमें धँसाया जाता है उसे मल्लाह लोग गुनरखा कहते हैं।

(१) अस्ति समस्तनगरीनिकषायमाणा शश्वदगण्यपण्यविस्तारितमणिगणादिवस्तुजातव्याख्यातरत्नाकरमाहात्म्या मगधदेशशेखरीभूता पुष्पपुरी नाम नगरी ।

(२) तत्र वीरभटपटलोत्तरङ्गतुरङ्गकुञ्जरमकरभीषणसकलरिपुगणकटकजलनिधिमथनमन्दरायमाणसमुद्दण्डभुजदण्डः, पुरन्दरपुराङ्गणवनविहरणपरायणतरुणगणिकागणजेगीयमानयातिमानया शरदिन्दुकुन्दघनसारनीहारहारमृणालमरालसुरगजनीरक्षीरगिरिशाट्टहासकैलासकाशनीकाशमू-

(१) अस्तीत्यस्य पुष्पपुरी नाम नगरीत्यनेनान्वयः। समस्तानां सकलानां नगरीणां निकषः कषणोपल इवाचरतीति निकषायमाणा सर्वश्रेष्ठादर्शभूता। (अत्रोपमालङ्कारः) शश्वन्निरन्तरम् अगण्यैरसंख्यैः पण्यैः विक्रेयैः विस्तारितैर्विक्रयार्थं प्रसारितैः मणिगणादिवस्तुजातैस्तत्तद्द्रव्यसमूहैः व्याख्यातं प्रकटितं रत्नाकरस्य समुद्रस्येव माहात्म्यं महिमा यस्याः सा, मगधदेशस्य कीकटस्य शेखरीभूता शिरोभूषणरूपा, पुष्पपुरी कुसुमपुरं नाम नगरी अस्ति वर्त्तते यस्याः साम्प्रतिकं नाम पाटलिपुत्रमिति ज्ञेयम् ।

(२) तत्र पुष्पपुर्यां, वीराणां शूराणां भटानां योद्धृणां पटलेन समूहेन उत्तरङ्गः उद्गतवीचिस्तथा—तुरङ्गा अश्वाः कुञ्जरा गजास्ते मकरा नक्रा इव तैर्भीषणो भयङ्करस्तथा सकलानां रिपुगणानां शत्रुमण्डलानां कटकं सैन्यं जलनिधिः समुद्र इव तस्य मथने आलोडने मन्दरायमाणः मन्दराचल इवाचरन् मन्थनदण्डस्वरूपः, समुद्दण्डः समुद्यतो भुजो बाहुर्दण्ड इव यस्य सः। पुरन्दरपुरस्य अमरावत्या अङ्गणवने चत्वरोद्याने नन्दनवने इति यावत्, विहरणपरायणेन भ्रमणशीलेन तरुणगणिकागणेनाप्सरःसमूहेन जेगीयमानया मुहुर्गीतया, अति सातिशयं मानं परिमाणं यस्यास्तया अपरिमितया, शरदिन्दुः शरच्चन्द्रश्च कुन्दं माध्यकुसुमञ्च घनसारः कर्पूरश्च नीहारो हिमञ्च हारो मौक्तिकस्रक् च मृणालं बिसञ्च मरालो हंसश्च सुरगज

लिखूँगा । परन्तु यथाशक्ति अर्थालंकारोंको दिखलानेकी चेष्टा करूँगा ।

[अब मगधदेशाधिपति राजहंसके आधारसे दशकुमारचरित नामक संस्कृत उपन्यासके निर्माता महाकवि दण्डी प्रथमतः पुष्पपुरी नामकी मगधेश्वरकी राजधानीका वर्णन करते हैं ।]

(१) भूमण्डलकी समस्त नगरियोंको जाँचनेकी कसौटी तथा असंख्य दूकानोंको फैलाये हुए रत्नादिके द्वारा समुद्रकी मणियोंके महत्त्वको अर्थात् रत्नाकर शब्दको प्रकाशित करानेवाली मगधदेशकी शिरोभूषण पुष्पपुरी नामकी नगरी है ।

(२) उसमें एकबार राजहंस नामक नृपति आविर्भूत हुए । उनका विशाल बाहुदण्ड समस्त शत्रुओंके वीर-भटोंके समूह, चञ्चल घोड़े तथा बड़े-बड़े गजरूपी मकरसे भयंकर

त्यो रचितदिगन्तरालपूर्त्या कीर्त्याऽभितः सुरभितः, स्वर्लोकशिखरोरुरुचिररत्नरत्नाकरवेलामेखलायितधरणीरमणीसौभाग्यभोगभाग्यवान्, अनवरतयागदक्षिणारक्षितशिष्टविशिष्टविद्यासम्भारभासुरभूसुरनिकरः, विरचितारातिसंतापेन प्रतापेन सतततुलितवियन्मध्यहंसः, राजहंसो नाम घनदर्पकन्दर्पसौन्दर्यसोदर्यहृद्यनिरवद्यरूपो भूपो बभूव ।

ऐरावतश्च नीरं जलञ्च क्षीरं दुग्धञ्च गिरिशस्य महादेवस्याट्टहासो महाहास्यश्च काशः काशपुष्पञ्च तैर्नीकाशा तुल्या मूर्त्तिः स्वरूपं यस्यास्तया, रचिता कृता दिगन्तरालानां दिगवकाशानां पूर्त्तिः पूरणं यया तया, समस्तदिग्व्यापिन्येत्यर्थः, कीर्त्या यशसा अभितः समन्तात् सुरभितो मनोज्ञः, स्वः स्वर्गो लोक आश्रयो येषां ते स्वर्लोका देवास्तेषां शिखरेषु शिरःसु उरूणि महान्ति रुचिराणि मनोहराणि रत्नानि मणयो यस्य तथाभूतस्य रत्नाकरस्य सागरस्य वेलया तटभूम्या मेखलायिता मेखला काञ्ची तयेवाचरिता, वेष्टिता धरणी पृथिव्येव रमणी कामिनी तस्याः सौभाग्यस्य सौन्दर्यस्यैश्वर्यस्य च भोगे उपभोगे भाग्यवान् भाग्यशाली, ससागराया धराया अधीश्वर इत्यर्थः । अनवरतानां निरन्तरमनुष्ठितानां यागानां यज्ञानां दक्षिणाभिर्दत्तद्रव्य रक्षितः पालितः शिष्टानां सदाचारपरायणानां विशिष्टेन अन्यविलक्षणेन विद्यासम्भारेण शास्त्रज्ञानातिरेकेण भासुराणां प्रदीप्तानां भूसुराणां ब्राह्मणानां निकरः समूहो येन सः । विरचितः उत्पादितः । अरातीनां शत्रूणां सन्तापो दुखं येन तथाविधेन प्रतापेन कोपदण्डजतेजसा सततमनारतं तुलितः समीकृतो वियन्मध्यहंसो मध्याह्नसूर्यो येन सः । प्रतापेन सूर्यसदृश इत्यर्थः । राजहंसो नाम राजहंसाभिधानो, घनः सान्द्रो दर्पोऽहङ्कारो यस्य तस्य महाभिमानवतः कन्दर्पस्य कामस्य यत्सौन्दर्यं रूपं तस्य सौंदर्यं सदृशं हृद्यं मनोरमं निरवद्यमनिन्दनीय निर्दोषमिति यावत् रूपं सौन्दर्यं यस्य स तथाभूतो भूपो राजा बभूव आसीत् ।

सेन। समुद्रको मन्थन करनेके लिए मन्दराचल पर्वतके समान थे। अमरावतीके आँगनमें विहार करनेवाली अप्सराओंसे प्रशंसित एवं अगणित शरत्कालीन चन्द्र तथा कुन्द फूल, कपूर एवं तुषार पुष्पकी माला, कमलका मूल-दण्ड, हंस, ऐरावत (इन्द्रगज), जल, दुग्ध, शङ्करजी का अट्टहास, कैलासपर्वत, काश नामक घास, आदिके सदृश स्वच्छ मूर्त्तिवाले दशों दिशाओंके अन्तरालको पूर्ण करनेवाली, कीर्तिसे अति मनोहर, सुमेरु पर्वतके शिखरके विशाल एवं सुन्दर रत्नोंसे संयुक्त रत्नाकरकी वेलारूपी करधनी (मेखला) से परिवेष्टित पृथ्वीरूपी अँगना के सौभाग्यका उपभोग करनेवाले, निरन्तर किये गये यज्ञोंकी दक्षिणाओंके द्वारा सदाचारी, उद्भट एवं विद्वान् ब्राह्मणोंके रक्षक रिपुओंके सन्तापकारी, प्रतापमें मध्याह्नकालिक सूर्यके समान, स्वरूपाभिमानी कामदेवके निज रूपसे तिरस्कृतकर्त्ता राजहंस नामक राजा हुए ।

(३) तस्य वसुमती नाम सुमती लीलावतीकुलशेखरमणी रमणी बभूव।

(४) रोषरूक्षेण निटिलाक्षेण भस्मीकृतचेतने मकरकेतने तदा भयेनानवद्या वनितेति मत्वा तस्य रोलम्बावली केशजालम्, प्रेमाकरो रजनीकरो विजितारविन्दं वदनम्, जयध्वजायमानो मीनो जायायुतोऽक्षियुगलम्, सकलसैनिकाङ्गवीरो मलयसमीरो निःश्वासः, पथिकहृल्लनकरवालः प्रवालश्चाधरबिम्बम, जयशङ्खो बन्धुरा लावण्यधरा कन्धरा-

(३) तस्य राजहंसस्य वसुमती नाम सुमती शोभनबुद्धिशालिनी, लीलावतीनां कामिनीनां कुलस्य मण्डलस्य शेखरमणिः शिरोभूषणरूपा, रमणी पत्नी राज्ञीत्यर्थः, आसीत्।

(४) वसुमतीं विशिनष्टि—रोषेण तपोभङ्गकरणजनितेन कोपेन रूक्षो निष्ठुरस्तेन, निटिले भाले अक्षि चक्षुर्यस्य तेन शिवेन भस्मीकृता विनाशिता चेतना चैतन्यं यस्य तस्मिन्, भस्मीकृते इत्यर्थः, मकरकेतने कामदेवे सति, तदा भस्मीकरणकाले भयेन सहचरनाशजनितसम्भ्रमेण वनिता कामिनी अनवद्या निर्दोषा अतः सैव समाश्रयणीया, निर्दोषां तां महादेवोऽपि न घच्यतीति मत्वा निश्चित्य तस्य मदनस्य रोलम्बावली भ्रमरपङ्क्तिः मौर्वीरूपा तस्या वसुमत्याः केशजालं कुन्तलकलापः समभूदिव, वचनविपरिणामेन सर्वत्रान्वयः। प्रेम्णः आकरः खनिः, प्रीत्युत्पादकः, रजनीकरश्चन्द्रः, प्रधानसहायः कामस्य, विजितं कान्त्या तिरस्कृतं अरविन्दं कमलं येन तत् तिरस्कृतकमलमित्यर्थः, तस्या वदनं मुखं (समभूदिव), जयध्वज इवाचरतीति जयध्वजायमानः (केतनं ध्वजमस्त्रियाम्), कामस्य मीनध्वजत्वं प्रसिद्धमेव। जायया स्वपत्न्या युतः समेतो मीनोऽक्षियुगलं तस्या नेत्रद्वन्द्वं (समभूदिव), अत्राक्षियुगलं प्रस्तुत मतो मीनस्यापि जायायुतत्वमपेक्षितम्। सकलसैनिकानां निखिलमदनसैन्यानां अङ्गवीरः प्रधानयोधः, मलयसमीरो दक्षिणानिलः, मलयानिलस्य कामोद्दीपकत्वात्। तस्या निःश्वासः प्राणवायुः, पथिकानां प्रोषितानां हृल्लने हृदयभेदने करवालः

(३) उनकी वसुमती नामकी महारानी पत्नी) थीं जो अति सुन्दरी एवं वनिताओं में मुकुटमणि थीं। (सुमतीका सुमति दोनों प्रयोग सिद्ध हैं)

(४) एकबार क्रोधसे रक्त नेत्रवाले त्रिनेत्र भगवान्ने अपनी नेत्राग्निसे कामदेवको जलाकर भस्म कर दिया। तब कामदेवकी सभी सेनाने मानो भयभीत होकर उस महिला (महारानी) को निर्दोष समझकर अपने-अपने स्वरूपके अनुसार उस महारानीके प्रत्येक अंगोंमें आश्रय लिया। भौरोंकी श्रेणियोंने केशोंका, प्रेमके आकर चन्द्रने कमलविजयी मुखका, जयध्वज चिह्न अर्थात् सपत्नीक मछली-दम्पतीने नयनयुगलोंका, समस्त सेनामें प्रधान योधा (सेनापति) मलयपवनने मुखपवनका, पथिकोंके हृदयोंको विदारित करनेमें

पूर्णकुम्भौ चक्रवाकानुकारौ पयोधरौ, ज्यायमाने मार्दवासमाने बिसलते च बाहू, ईषदुत्फुल्ललीलावतंसकह्लारकोरको गङ्गावर्तसनाभिर्नाभिः, दूरीकृतयोगिमनोरथो जैत्ररथोऽतिघनं जघनम्, जयस्तम्भभूते सौन्दर्यभूते विघ्नितयतिजनारम्भे रम्भे चोरुयुगम्, आतपत्रसहस्रपत्रं पादद्वयम्, अस्त्रभूतानि प्रसूनानि तानीतराण्यङ्गानि च समभूवन्निव ।

कृपाणरूपः नूतनतरुपल्लवदर्शनेन पान्थानां हृदयमतितरां पीड्यते । प्रवालः किसलयश्च अधरबिम्बं तस्या ओष्ठाधरौ, जयशङ्खः कामस्य विजयध्वनिकारकः शङ्खो बन्धुरा उन्नतावनता लावण्यधरा सौन्दर्यशालिनी तस्याः कन्धरा ग्रीवा, पूर्णकुम्भौ कामस्य विजययात्रायामपेक्षितौ जलपूर्णकलशौ चक्रवाकानुकारौ चक्रवाकं पक्षिविशेषं अनुकुरुत इति, तत्सदृशावित्यर्थः, पयोधरौ तस्याः स्तनौ, ज्यायमाने मौर्वीसदृशौ, मार्दवे कोमलतायामसमानेऽतुलनीयेऽतिकोमले इति शेषः । बिसलते मृणालद्वयं बाहू तस्या भुजौ, बाह्वोर्मृणालसादृश्यं कविप्रसिद्धम् । ईषत्फुल्लः स्वल्पविकसितो लीलावतंसः कामस्य विलासभूषणं कह्लारकोरकः सौगन्धिककुड्मलो गङ्गायास्तदाख्यप्रसिद्धनद्या आवर्त्तस्य अम्भसां भ्रमस्य (स्यादावर्तोऽम्भसां भ्रम इत्यमरः) सनाभिः सदृशस्तस्या नाभिः, दूरीकृतोपनीतो योगिनां तपश्चारिणां मनोरथो ध्यानाभिलाषो येन स तादृशो जैत्ररथः कामस्य जयनशीलरथः अतिघनमतिनिबिडं जघनं तस्याः कटिपुरोभागः, जयस्तम्भभूते कामस्य विजयस्तम्भस्वरूपे सौन्दर्यभूते मनोरमत्वमधिगते, विघ्नितः विघ्नयुक्तः कृतो यतिजनानां संयमिनामारम्भो ध्यानोद्योगो याभ्यां ते, रम्भे कदल्यौ च तस्या ऊरुयुगं सक्थियुगलम्, आतपत्रं छत्रं तद्रूपं कामस्य सहस्रपत्रं कमलं पादद्वयं तस्याश्चरणयुगलम्, तानि प्रसिद्धानि अस्त्रभूतानि कामस्य बाणभूतानि प्रसूतानि पुष्पाणि अरविन्दादीनि इतराणि पूर्ववर्णितभिन्नानि वसुमत्या अङ्गानि उदारादीनि समभूवन्निव जातानीव (उत्प्रेक्षा)।

तलवारके समान नये पल्लवों ने अधरोष्ठोंका, विजयशङ्खके निम्नोन्नत लावण्यने ग्रीवाका, दोनों पूर्णकुम्भोंने चक्रवाकके समान दोनों स्तनोंका, धनुषकी प्रत्यंचाने कमलके मृदु तन्तुके समान बाहुओंका, किञ्चित् विकसित लाल-लाल कमलके कर्णालङ्कारने गङ्गाके आवर्त्त-सदृश नाभिका, योगियोंके मनोरथोंको अर्थात् समाधि द्वारा परमब्रह्म परमात्माकी प्राप्तिकी अभिलाषाको दूर करनेवाले कामदेवके जैत्ररथने जघनस्थलका, मुनियोंके योगाभ्यासमें विघ्नबाधा उपस्थित करनेवाले केलेके (स्तम्भों) खम्भोंने दोनों जाँघोंका, छत्रके सदृश सहस्रपत्र (कमल) ने दोनों पैरोंका, तथा अन्य पुरुषोंने, जो कामके शस्त्र थे, उसके शेष अंगोंका आश्रय लिया ।

[कामदेवके अस्त्र-शस्त्रोंने उस रानीके अंगोंमें वास कर लिया अर्थात् उस रानीके मुख आदि चन्द्रादिके सदृश थे ।]

(५) विजितामरपुरे पुष्पपुरे निवसता सानन्तभोगलालिता वसुमती वसुमतीव मगधराजेन यथासुखमवन्वभावि ।

(६) तस्य राज्ञः परमविधेया धर्मपालपद्मोद्भवसितवर्मनामधेया धीरधिषणावधीरितविबुधाचार्यविचार्यकार्यसाहित्याः कुलामात्यास्त्रयोऽभूवन् ।

(७) तेषां सितवर्मणः सुमतिसत्यवर्माणौ, धर्मपालस्य सुमन्त्रसुमित्रकामपालाः, पद्मोद्भवस्य सुश्रुतरत्नोद्भवाविति तनयाः समभूवन् ।

(८) तेषु धर्मशीलः सत्यवर्मा संसारासारतां बुद्ध्वा तीर्थयात्राभिलाषी देशान्तरमगमत् ।

(९) विटनटवारनारीपरायणो दुर्विनीतः कामपालो जनकाग्रजन्मनोः शासनमतिक्रम्य भुवं बभ्राम ।

---

(५) विजितं समृद्ध्या तिरस्कृतममरपुरमिन्द्रनगरं येन तस्मिन् । अनन्तभोगेन नानासुखोपभोगेन लालिता पुष्टा । वसुमती पृथिवीव । सापि अनन्तस्य वासुकेः भोगेन फणेन मस्तकेनेति यावत्, लालिता धृता । वसुमती महिषी । मगधराजेन राजहंसेन । अन्वभावि सम्भुक्ता ।

(६) परमविधेया अतिविनीताः । धीरधिषणया स्वतीक्ष्णबुद्ध्याऽवधीरितानि अवज्ञातानि विबुधाचार्यस्य बृहस्पतेरपि विचार्याणां विचारणीयानां कार्याणां साहित्यानि समूहा यैस्ते अतीवगम्भीरबुद्धय इत्यर्थः । कुलामात्या वंशपरम्परागतमन्त्रिणः ।

(७) तेषां कुलामात्यानां मध्ये । निर्धारणे षष्ठी ।

(८) संसारस्य असारतां नश्वरतया तुच्छताम् । देशान्तरमन्यदेशम् ।

(९) विटो धूर्तः नटः शैलूषः, वारनारी वेश्या तासु परायणस्तत्पर आसक्त इत्य-

---

(५) इन्द्रपुरीको भी अपनी सुन्दरतासे जीतनेवाली पुष्पपुरी नगरीमें रहते हुए उस राजा राजहंसने अनन्त (शेषनाग) के भोग (फणों) से लालित (धारण की हुई) पृथ्वीके समान परिमित भोग्य पदार्थोंसे प्रमुदित वसुमती रानीके साथ सुखपूर्वक विहार किया ।

(६) उन महाराजके परम विनीत, अपनी गम्भीर बुद्धिसे सुरगुरुको भी विचारणीय कार्य साहित्यमें अनादृत करनेवाले धर्मपाल, पद्मोद्भव और सितवर्मा नामके तीन कुलमन्त्री थे ।

(७) उन मन्त्रियोंमें सितवर्माके सुमति और सत्यवर्मा, धर्मपालके सुमन्त्र, सुमित्र और कामपाल तथा पद्मोद्भवके सुश्रुत और रत्नोद्भव नामक पुत्र हुए ।

(८) उन पुत्रोंमेंसे धर्मशील सत्यवर्मा संसारको असार जानकर, तीर्थाटनकी इच्छासे देशान्तरमें चला गया ।

(९) विट, नट तथा वारविलासिनियों (वेश्याओं) में अनुरागी एवं दुर्विनीत काम-

(१०) रत्नोद्भवोऽपि वाणिज्यनिपुणतया पारावारतरणमकरोत् ।

(११) इतरे मन्त्रिसूनवः पुरन्दरपुरातिथिषु पितृषु यथापूर्वमन्वतिष्ठन् ।

(१२) ततः कदाचिन्नानाविधमहदायुधनैपुण्यरचितागण्यजन्यराजन्यमौलिपालिनिहितनिशितसायको मगधनायको मालवेश्वरं प्रत्यग्रसङ्ग्रामघस्मरं समुत्कटमानसारं मानसारं प्रति सहेलं न्यक्कृत जलधिनिर्घोपाहङ्कारेण भेरीझाङ्कारेण हठिकाकर्णनाक्रान्तभय चण्डिमानं दिग्दन्तावलवलयं

र्थः । दुर्विनीतो दुर्निवारोऽशिष्टो वा । जनकाग्रजन्मनोः पितुर्ज्येष्ठसहोदरस्य च । शासनमादेशम् ।

(१०) पारावारतरणं समुद्रलङ्घनेन द्वीपान्तरगमनम् ।

(११) इतरे अन्ये । पुरन्दरपुरस्य महेन्द्रनगरस्यातिथिषु प्राघुणिकेषु सत्सु, स्वर्गतेषु मृतेषु इति शेषः । यथापूर्वं पितृपुरुषानुक्रमेण । अन्वतिष्ठन्मन्त्रित्वमकुर्वन् ।

(१२) नानाविधानामनेकप्रकाराणां महतां विशालानामायुधानामस्त्राणां नैपुण्येन प्रयोगकौशलेन रचितेषु सम्पादितेषु अगण्येष्वसंख्येषु जन्येषु युद्धेषु राजन्यानां क्षत्रियाणां मौलिपालिषु किरीटप्रान्तभागेषु निहिता निक्षिप्ता निशितास्तीक्ष्णाः सायका बाणा येन सः । विजितानेकभूपाल इत्यर्थः । मगधनायको राजहंसः । मालवेश्वरं मालवाधिपतिम् । प्रत्यग्रे नवीने संग्रामे युद्धे घस्मरं शत्रुभक्षणशीलम् । समुत्कटोऽतिशयितो मानो बलगर्व एव सारः स्थिरांशो यस्य तम् । मानसारं तन्नामानं नरपतिं प्रति लक्ष्यीकृत्य । सहेलं सावज्ञम् । न्यक्कृतस्तिरस्कृतो जलधेः सागरस्य निर्घोषाहङ्कारो निर्घोषविषयेऽभिमानो येन तथाविधेन भेरीझाङ्कारेण दुन्दुभिशब्देन हठिकाकर्णनात् सहसा श्रवणात् आक्रान्तः प्राप्तो भयस्य चण्डिमा चण्डत्वं यं तम् । दिशां ये दन्तावला गजा ऐरावतादयस्तेषां वलयं मण्डलं विघूर्णयन् सञ्चालयन् ।

पाल अपने पिता तथा बड़े भाइयोंकी शिक्षाओंका अनादर करके भूलोकमें इतस्ततः भ्रमण करने लगा ।

(१०) रत्नोद्भव व्यापारमें कुशल होकर समुद्र पार करके द्वीप-द्वीपान्तरोंमें यात्रा करने चला गया ।

(११) अन्य शेष मन्त्रियोंके पुत्र अपने-अपने पिताओंकी मृत्युके पश्चात् उनके स्थानमें—पिताओंके पदोंपर—कार्य करने लगे ।

(१२) तब एक बार, अनेक प्रकारके शस्त्रोंकी कलाओंमें निपुण एवं कई बार युद्ध करनेमें प्रवीण, नृपतियोंके सिरोंमें तेज-तेज बाण मारनेवाले मगधदेशाधिपति, थोड़े ही दिनों पहले समरमें विजय प्राप्त करनेवाले पबलाभिमानी मालवेश्वर मानसारके ऊपर क्रोध

विघूर्णयन्निजभरनमन्मेदिनीभरेणायस्तभुजगराजमस्तकबलेन चतुरङ्गब-लेन संयुतः सङ्ग्रामाभिलाषेण रोषेण महताविष्टो निर्ययौ ।

(१३) मालवनाथोऽप्यनेकानेकपयूथसनाथो विग्रहः सविग्रह इव साग्रहोऽभिमुखीभूय भूयो निर्जगाम ।

(१४) तयोरथ रथतुरगखुरक्षुण्णक्षोणीसमुद्भूते करिघटाकटस्रव-

निजभरेण स्वभारेण नमन्त्या अधोगच्छन्त्याः पृथिव्या भरेण भारेण । अत्र करणे तृतीया । आयस्तं क्लिष्टमतिपीडितं भुजगराजस्य वासुकेर्मस्तकबलं शिरसां धारण-सामर्थ्यं येन तथाभूतेन, अत्र कर्तरि तृतीया । चतुरङ्गबलेन गजवाजिरथपदातिरूप-चतुर्विधसैन्येन संयुतः सहितः । संग्रामाभिलाषेण युद्धाकाङ्क्षया । महता अतिश-यितेन रोषेण क्रोधेनाविष्टः समाक्रान्तः सन् । मगधराजो निर्ययौ निर्जगाम । युद्धमा-योधनं जन्यम्। मौलिः किरीटे धम्मिल्ले चूडायाम् । पालिः कर्णलतायां स्यात्प्रदेशे पंक्तिचिह्नयोः । दन्ती दन्तावलो हस्तीति च कोशः । (अत्र असम्बन्धे सम्बन्ध-रूपातिशयोक्तिरनुप्रासश्चेत्यनयोः संसृष्टिः । घस्मर इत्यत्र च 'घसस्यदः क्मरच्' इत्यनेन क्मरच्) ।

(१३) मालवनाथः मानसारः । अनेकैरसंख्यातैः अनेकपानां हस्तिनां यूथैः स-मूहैः सनाथो युक्तः । द्विरदोऽनेकपो द्विप इत्यमरः । विग्रहः समरः । सविग्रहः सश-रीरः मूर्त्तिमान् । साग्रहः युद्धाभिनिवेशवान् । भूयः पुनरपि* ।

(१४) अथ निर्गमनानन्तरम् । तयोर्मगधराजमालवराजयोः । रथैःरथचक्रैःतुरगाणां अश्वानां खुरैः शफैः क्षुण्णायाः पिष्टायाः क्षोण्याः पृथिव्याः समुद्भूते उत्थिते उत्पन्ने वा धूलीपटले इत्यस्य विशेषणम् । करिघटानां हस्तिसमूहानां कटेभ्यो गण्डेभ्यः स्रवन्त्या

करके समुद्रके महाघोषको तिरस्कृत करनेवाले, दुंदुभियोंकी ध्वनियोंको हठात् श्रवण करनेसे भयभीत दिग्गजोंको कँपानेवाले, अपने भारसे दबी हुई पृथ्वीके भारसे भुजंगराजके मस्तकको व्यथित करनेवाली चतुरंगिणी—हाथी, घोड़े, पैदल और शस्त्रोंसे सज्जित—सेना लेकर, युद्धार्थ निकल पड़े ।

(१३) शरीरधारी संग्रामस्वरूप मालवेश्वर भी अनेक हाथियोंकी सेनाको लेकर आग्रहके साथ युद्धके लिये पुनः अपने पुरसे निकल पड़ा ।

(१४) उसके पश्चात् उन दोनोंमें संग्राम छिड़ गया । उस युद्धकालमें रथोंके पहियोंसे तथा घोड़ोंके खुरोंसे चूर्ण की हुई पृथ्वीसे उत्पन्न धूलि एवं हाथियोंके कपोलोंसे बहनेवाली मदधारासे सिक्त धूलिपटल नूतन बल्लभोंको वरण करनेके निमित्त आयी देव-कन्याओंके

---

* उत्प्रेक्षानुप्रासयोः सङ्करः ।

न्मदधाराधौतमूले नव्यवल्लभवरणागतदिव्यकन्याजनजवनिकापटमण्डप इव वियत्तलव्याकुले धूलीपटले दिविषदध्वनि धिक्कृतान्यध्वनिपटहध्वान-बधिरिताशेषदिगन्तरालं शस्त्राशस्त्रि हस्ताहस्ति परस्पराभिहतसैन्यं जन्यमजनि ।

(१५) तत्र मगधराजः प्रक्षीणसकलसैन्यमण्डलं मालवराजं जीवग्राहमभिगृह्य कृपालुतया पुनरपि स्वराज्ये प्रतिष्ठापयामास ।

(१६) ततः स रत्नाकरमेखलामिलामनन्यशासनां शासदनपत्यतया

धारास्या मदधारया मदजलप्रवाहेण धौतं क्षालितं मूलं मूलदेशो यस्य तस्मिन् । नव्यवल्लभानां नवीनरमणानां वरणाय आगतस्य युद्धक्षेत्रे समुपस्थितस्य दिव्यकन्याजनस्याप्सरः समूहस्य जवनिकया तिरस्करिण्या युक्तः पटमण्डपः पटवासस्तस्मिन्निव । वियत्तलव्याकुले नभस्तलसम्भृते । धूलीपटले पांशुसमूहे । दिवि सीदन्ति ये ते दिविषदो देवास्तेषामध्वनि मार्गे आकाशे इत्यर्थः । धिक्कृतस्तिरस्कृतः दूरीकृत इति यावत्, अन्येषां ध्वनिः शब्दो येन तादृशेन पटहध्वानेन ढक्काशब्देन बधिरितानि बधिरीकृतानि अशेषाणि दिगन्तरालानि तत्रस्थजना इत्यर्थः यस्मिन् तत् । शस्त्रैः शस्त्रैश्च प्रहृत्य यद्युद्धं प्रवृत्तमिति शस्त्राशस्त्रि । हस्तैश्च हस्तैश्च प्रहृत्य यत्प्रवृत्तं तद् हस्ताहस्ति । परस्परस्य अभिहतं समाक्रान्तं सैन्यं यस्मिन् तत् । जन्यं युद्धम् ।

(१५) तत्र युद्धे । प्रक्षीणं हतविध्वस्तं सकलं समस्तं सैन्यमण्डलं यस्य तम् । जीवग्राहमभिगृह्य जीवन्तमेव धृत्वा,

(१६) रत्नाकरः समुद्रो मेखला रशना यस्यास्ताम् । ससागरामित्यर्थः । इलां पृथ्वीम् । अनन्यशासनां–न विद्यतेऽन्यस्य नृपस्य शासनं यस्यां ताम् । अनपत्यतया

लिए पटमंडप (परदेका) काम करने लगी अर्थात् धूलि–पटल आकाशमें फैल गया ।

अन्य सभी शब्दोंको दबानेवाली युद्धकी वाद्यध्वनियां समस्त दिशाओंमें गूंज गयीं—जिससे सम्पूर्ण दिशाएँ ऐसी बहिरी हो गयीं कि कुछ सुनाई ही न देता था । उस युद्धमें योद्धागण शस्त्रसे शस्त्र और हाथसे हाथ भिड़ाकर परस्पर मार-काट करनेमें तल्लीन थे ।

(१५) उस तुमुल संग्राममें माधवराजने मालवराजकी समस्त सेना नष्ट कर दी और मालवेश्वर मानसारको जीते जी पकड़ लिया तथा पुनः दया करके उसे उसीके राज्यपर प्रतिष्ठित कर दिया ।

(१६) तब वे मगधाधिपति जो समुद्र पर्यन्त पृथ्वीका शासन करते थे, अनपत्य होनेके

नारायण सकललोकैककारणं निरन्तरमर्चयामास ।

(१७) अथ कदाचित्तदग्रमहिषी 'देवि देवेन कल्पवल्लीफलमाप्नुहि' इति प्रभातसमये सुस्वप्नमवलोकितवती ।

(१८) सा तदा दयितमनोरथपुष्पभूतं गर्भमधत्त ।

(१९) राजापि सम्पन्न्यक्कृताखण्डलः सुहृन्नृपमण्डलं समाहूय निजसम्पन्मनोरथानुरूपं देव्याः सीमन्तोत्सवं व्यधत्त ।

(२०) एकदा हितैः सुहृन्मन्त्रिपुरोहितैः सभायां सिंहासनासीनो गुणैरहीनो ललाटतटन्यस्ताञ्जलिना द्वारपालेन व्यज्ञापि—'देव! देवसन्दर्शनलालसमानसः कोऽपि देवेन विरच्यार्चनार्हो यतिर्द्वारदेशमध्यास्ते' इति।

पुत्रकतया । एककारणमादिहेतुम् । गौरिला कुम्भिनी क्षमेत्यमरः ।

(१७) तस्य राजहंसस्य । अग्रमहिषी प्रधानराज्ञी । देवेन राज्ञा सह । कल्पवल्लीफलं कल्पलताफलम् ।

(१८) दयितस्य वल्लभस्य यो मनोरथः पुत्रप्राप्तिरूपोऽभिलाषस्तदेव फलं तस्य पुष्पभूतं कुसुममिव भूतम् ।

(१९) सम्पदा समृद्धया न्यक्कृतस्तिरस्कृत आखण्डल इन्द्रो येन सः । समृद्धया महेन्द्रादप्यधिकः। सुहृदां मित्रभूतानां नृपाणां मण्डलं समूहम्। स्वस्य सम्पत्समृद्धेः मनोरथस्याभिलाषस्य चानुरूपं सदृशम्.। सीमन्तोत्सवं संस्कारविशेषम्।

(२०) हितैः हितकाङ्क्षिभिः। गुणैः राजगुणैरहीनोऽन्यूनः सर्वगुणसम्पन्न इत्यर्थः। ललाटतटे भालदेशे न्यस्तो धृतोऽञ्जलिर्येन तेन। व्यज्ञापि निवेदितः। देवस्य भवतः सन्दर्शनेऽवलोकने लालसमभिलाषि मानसं यस्य सः। देवेन भवता विरच्यां कर्त्तव्यां अर्चनां पूजामर्हतीति । भवतोऽपि पूज्य इत्यर्थः। यतिः संन्यासी

कारण संपूर्ण लोकोंके आदिकारण नारायण भगवान्‌की निरन्तर पूजामें संलग्न हो गये।

(१७) एक दिन प्रातःकाल उनकी महारानीने स्वप्नमें देखा कि उनसे किसीने आकर कहा—'हे देव (राजा) द्वारा प्रदत्त कल्पवृक्षका यह फल आप ग्रहण करें।'

(१८) उसके बाद उस महिषीने पतिके मनोरथ-पुष्पभूत गर्भको धारण किया।

(१९) अपने ऐश्वर्य-विभवसे इन्द्रको भी पराभव दिखानेवाले उन राजा हंसवाहनने सुमद्र राजाओंके मण्डलोंको बुलाकर अपने मनोरथ तथा विभवानुसार महारानीका सीमन्तोन्नयन संस्कार किया।

(२०) एक दिन सर्वगुणसम्पन्न मगधपति अपने हितैषी मित्रों एवं मन्त्रियों तथा पुरोधाओंके साथ राजसभामें सिंहासनासीन थे। उसी समय द्वारपालने राजसभामें आकर प्रणाम

(२१) तदनुज्ञातेन तेन स संयमी नृपसमीपमनायि ।

(२२) भूपतिरायान्तं तं विलोक्य सम्यगज्ञाततदीयगूढचारभावो निखिलमनुचरनिकरं विसृज्य मन्त्रिजनसमेतः प्रणतमेनं मन्दहासमभाषत—'ननु तापस ! देशं सापदेशं भ्रमन्भवांस्तत्र तत्र भवदभिज्ञातं कथयतु' इति ।

(२३) तेनाभाषि भूभ्रमणबलिना प्राञ्जलिना—'देव ! शिरसि देवस्याज्ञामादायैनं निर्दोषं वेषं स्वीकृत्य मालवेन्द्रनगरं प्रविश्य तत्र गूढतरं वर्तमानस्तस्य राज्ञः समस्तमुदन्तजातं विदित्वा प्रत्यागमम् ।

(२४) मानी मानसारः स्वसैनिकायुष्मत्तान्तराये संपराये भवतः

---

(२१) तदनुमतेन राज्ञादिष्टेन । तेन द्वारपालेन । संयमी यतिः । अनायि नीतः

(२२) सम्यक् सुष्ठु ज्ञातोऽवगतस्तदीयस्तत्सम्बन्धी गूढः प्रच्छन्नश्चारभावः चरत्वं येन सः । प्रणतं कृतनमस्कारम् । एनं यतिम् । मन्दहासं क्रियाविशेषणमिदम् । ईषद् हसन्नित्यर्थः । सापदेशं सकपटम् । यतिवेषच्छलेनेत्यर्थः । तत्र तत्र तेषु तेषु स्थानेषु । भवता त्वया अभिज्ञातमवगतम् ।

(२३) अभाषि कथितम् । भुवः पृथिव्याः भ्रमणे पर्यटनविषये बली समर्थस्तेन । प्राञ्जलिना बद्धाञ्जलिनेति तेनेत्यस्य विशेषणम् । देव राजन् । आदायाङ्गीकृत्य निर्दोषं दोषवर्जितम् । वेषं यतिरूपम् । तत्र मालवेन्द्रनगरे । गूढतरमतिशयेन गूढं यथा स्यात्तथा । उदन्तजातं वृत्तान्तसमूहम् ।

(२४) स्वसैनिकानां निजभटानामायुष्मत्ताया आयुष्यस्यान्तरायो विघ्नस्तस्मिन्

करके कहा—हे स्वामिन् ! आपके द्वारा पूजार्ह कोई संन्यासी आपसे भेंट करने द्वारपर आकर उपस्थित हुए हैं ।

(२१) राजाज्ञा होनेपर द्वारपाल उस संन्यासीको राजसभामें राजाके पास ले आया ।

(२२) राजाने उसे देखकर तथा भली भाँति यह ज्ञात करके कि यह तो हमारा गुप्तचर है; राजसभासे सभी नौकर-चाकरोंको हटवा दिया । पुनः मन्त्रियोंसहित प्रणाम करके हँसकर पूछा—हे यतिवर ! इस छद्मवेशमें देशमें विचरण करते हुए आपने जो बात जानी हो वह कह दें ।

(२३) पृथ्वीभ्रमणमें समर्थ उस यतिने प्राञ्जलि होकर कहा—'हे देव ! आपकी आज्ञाको शिरोधार्य करके मैं इस निर्दोष वेषको धारणकर मालवेशके नगरमें प्रविष्ट हुआ । वहाँपर गुप्तरूपसे निवासकर समस्त वृत्तान्तको ज्ञात करके आया हूँ ।

(२४) वृत्त यह है कि अतिमानी मानसार युद्धमें अपने वीरोंके नाशसे तथा आपद्वारा

पराजयमनुभूय वैलक्ष्यलक्ष्यहृदयो वीतदयो महाकालनिवासिनं कालीविलासिनमनश्वरं महेश्वरं समाराध्य तपःप्रभावसंतुष्टादस्मादेकवीरारातिघ्नी भयदां गदां लब्ध्वात्मानमप्रतिभटं मन्यमानो महाभिमानो भवन्तमभियोक्तुमुद्युङ्क्ते । ततः परं देव एव प्रमाणम्' इति ।

(२५) तदालोच्य निश्चिततत्कृत्यैरमात्यै राजा विज्ञापितोऽभूत्—'देव, निरुपायेन देवसहायेन योद्धुमरातिरायाति । तस्मादस्माकं युद्धं सांप्रतमसांप्रतम् । सहसा दुर्गसंश्रयः कार्यः' इति ।

(२६) तैर्बहुधा विज्ञापितोऽप्यखर्वेण गर्वेण विराजमानो राजा तद्वा-

---

सैन्यसंहारकारिणि इति तात्पर्यम् । संपराये युद्धे । 'युद्धायत्योः संपराय इत्यमरः' । वैलक्ष्यस्य पराजयजनितदैन्यस्य लक्ष्यं विषयीभूतं हृदयं यस्य सः । वीतदयो निर्दयः । महाकाले तदाख्यस्थाने निवासोऽस्त्यस्येति तम् । कालीविलासिनं पार्वतीवल्लभम् । अनश्वरं विनाशरहितम् । तपसः प्रभावेण सन्तुष्टात् प्रीतात् । अस्मान्महेश्वरात् । एकमेकसंख्यकं वीरं शूरम् अरातिं शत्रुं हन्तीति ताम् । भयदां भीतिदात्रीम् । अप्रतिभटमप्रतिद्वन्द्विनम् । महानतिशयितोऽभिमानोऽहङ्कारो यस्य सः । अभियोक्तुमाक्रमितुम् । उद्युङ्क्ते चेष्टते । देव एव भवानेव । प्रमाणं कर्त्तव्यतानिर्णायकः ।

(२५) तत्र शत्रुविषये यत्कृत्य करणीयं तन्निश्चितं निर्णीतं यस्तैः । अमात्यैर्मन्त्रिभिः । निर्नास्त्युपायः प्रतीकारो यस्य तेन, अप्रतिकार्येणेत्यर्थः । असाम्प्रतमयुक्तम् । युक्ते द्वे साम्प्रतमित्यमरः । सहसा सत्वरम् । दुर्गसंश्रयः दुर्गप्रवेशः '

(२६) बहुधा बहुप्रकारेण । अखर्वेण महता । अकृत्यमनुष्ठेयं कर्तुमनुचितं

युद्धमें पराजित होकर लज्जित हो गया अतएव अति दीन होकर कायिक, वाचिक, मानसिक कष्टोंको संस्मरण करता हुआ वह महाकालनिवासी (उज्जैनके महाकालके भव्य मन्दिरमें) कालीविलासी अनश्वर श्रीमहेश्वरकी प्रबल आराधना करके तथा उन्हें सन्तुष्ट एवं प्रसन्न करके अपनी तपस्याके प्रभावसे उन्हीं शङ्करजीसे एक अनुपम गदा प्राप्त कर चुका है । उस गदाद्वारा वह युद्धमें प्रधान वीर सेनाधिपको मार सकता है । बस, उक्त गदाके अभिमानपर वह आपसे संघर्षका उद्योग कर रहा है-इसके बाद क्या करना चाहिये इसे आप विचारलें ।

(२५)इस वृत्तान्तको श्रवणकर मन्त्रियोंने विचार-विनिमयकर महाराजसे निवेदित किया—'हे देव ! जिसमें मनुष्यके सभी उपाय विफल हैं ऐसे प्रबल यत्नसे अर्थात् शङ्करजीकी गदाके प्रसादसे शत्रु युद्ध करने आ रहा है अतः ऐसे समय उनके साथ हमारा युद्ध करना निष्फल होगा । ऐसे समय दुर्गका ही आश्रयण सर्वथा श्रेयस्कर होगा ।'

(२६) मन्त्रियोंके बार-बार उक्त रीतिसे समझानेपर भी राजा अपने पराक्रमके गर्वपर

क्यमकृत्यमित्यनादृत्य प्रतियोद्धुमना बभूव ।

(२७) शितिकण्ठदत्तशक्तिसारो मानसारो योद्धुमनसामग्रीभूय सामग्रीसमेतोऽक्लेशं मगधदेशं प्रविवेश ।

(२८) तदा तदाकर्ण्य मन्त्रिणो भूमहेन्द्रं मगधेन्द्रं कथंचिदनुनीय रिपुभिरसाध्ये विन्ध्याटवीमध्येऽवरोधान्मूलबलरक्षितान्निवेशयामासुः ।

(२९) राजहंसस्तु प्रशस्तवीतदैन्यसैन्यसमेतस्तीव्रगत्या निर्गत्याधिकरुषं द्विषं रुरोध ।

(३०) परस्परबद्धवैरयोरेतयोः शूरयोस्तदा तदालोकनकुतूहलागतगगनचराश्चर्यकारणे रणे वर्तमाने जयाकाङ्क्षी मालवदेशरक्षी विविधायुध-

---

दौर्बल्यप्रकाशकत्वादित्यर्थः । अनादृत्य अस्वीकृत्य । प्रतियोद्धुमना युद्धाभिलाषी ।

(२७) शितिकण्ठेन शिवेन दत्ताऽर्पिता शक्तिः प्रहरणविशेष एव सारो बलं यस्य सः । योद्धुमनसां युद्धाकाङ्क्षिणाम् । अग्रीभूय पुरो भूत्वा । सामग्रीसमेतः युद्धोपकरणसहितः ।

(२८) भूमहेन्द्रं पृथिवीन्द्रम् । कथञ्चिदतियत्नेन । असाध्ये दुष्प्रवेश्ये । अवरोधान् राजस्त्रियः मूलबलेन प्रधानसैन्येन रक्षितान् गुप्तान् निवेशयामासुः स्थापयामासुः ।

(२९) प्रशस्तैरत्युत्कृष्टैर्वीतदैन्यैस्त्यक्तकार्पण्यैः निर्भयैरित्यर्थः । सैन्यैः समेतो युक्तः । तीव्रगत्या महता वेगेनेत्यर्थः । अधिकरुषं अतिक्रुद्धम् ।

(३०) परस्परेण बद्धं धृतं वैरं याभ्यां तयोः । तस्य युद्धस्यालोकने दर्शने यत्कुतूहलं कौतुकं तेनागतानां युद्धक्षेत्रे समुपस्थितानां गगनचराणामाकाशचारिणां देवानां आश्चर्यकारणे विस्मयहेतुभूते । मालवदेशस्य रक्षी रक्षिता मानसारः । विवि-

---

समर में जानेको तैयार हो गया ।

(२७) मानी मानसार भी शङ्करजीकी दी हुई अमोघ शक्तिपर सम्पूर्ण वीरों में प्रमुख होकर बिना क्लेशके युद्धसामग्रीके सहित मगध देशमें घुस आया ।

(२८) मानसारके आगमनकी चर्चा श्रवण करके मन्त्रियोंने पृथ्वीके स्वामी इन्द्रके तुल्य मगधेन्द्रको समझा-बुझाकर येन केन प्रकारेण राजमहल (अन्तःपुर) की स्त्रियोंको मुख्य सेनाकी रक्षामें विन्ध्यपर्वतकी अटवीके मध्यमें भिजवा दिया ।

(२९) नृपति राजहंस दैन्यशून्य सेनाको अपने साथ लिए बड़ी तीव्रगतिसे अपनी राजधानीसे बाहर आया और अति क्रोधसे आती हुई शत्रुसेनाको घेर लिया ।

(३०) परस्पर बद्धवैर इन दोनों शूरोंके उस संग्रामको देखनेके निमित्त आये आकाशगामी जनोंको भी वह युद्ध आश्चर्यका कारण हुआ । उस समय प्रवर्त्तमान तथा विजयाकांक्षी

स्थैर्यचर्याञ्चितसमरतुलितामरेश्वरस्य मगधेश्वरस्य तस्योपरि पुरा पुराराातिदत्तां गदां प्राहिणोत् ।

(३१) निशितशरनिकरशकलीकृतापि सा पशुपतिशासनस्यावन्ध्यतया सूतं निहत्य रथस्थं राजानं मूर्छितमकार्षीत् ।

(३२) ततो वीतप्रग्रहा अक्षतविग्रहा वाहा रथमादाय दैवगत्यान्तःपुरशरण्यं महारण्यं प्राविशन् ।

(३३) मालवनाथो जयलक्ष्मीसनाथो मगधराज्यं प्राज्यं समाक्रम्य पुष्पपुरमध्यतिष्ठत् ।

(३४) तत्र हेतिततिहतिश्रान्ता अमात्या दैवगत्यानुत्क्रान्तजीविता

धानां नानाप्रकाराणामायुधानामस्त्राणां स्थैर्येण स्थिरतया चर्यया प्रयोगेणाञ्चिते युक्ते समरे तुलितः समीकृतोऽमरेश्वर इन्द्रो येन तस्य । पुरा प्राक् । पुरारातिदत्तां महेश्वरार्पिताम् । प्राहिणोत् न्यक्षिपत् प्राहरदित्यर्थः ।

(३१) निशितेन तीक्ष्णेन शरनिकरेण बाणसमूहेन शकलीकृता खण्डीकृतापि । सा गदा । पशुपतिशासनस्य शिववाक्यस्य । अवन्ध्यतया अन्वर्थतया । सूतं सारथिम् ।

(३२) वीता मुक्ताः प्रग्रहा रश्मयो येषां ते । अक्षतो विग्रहः शरीरं येषां ते । वाहा अश्वाः । 'वाजिवाहार्वगन्धर्व' इत्यमरः । अन्तःपुरशरण्यं राजस्त्रीणामाश्रयभूतम् ।

(३३) जयलक्ष्म्या विजयश्रिया सनाथो युक्तः । प्राज्यं प्रभूतं विशालमित्यर्थः ।

(३४) तत्र महारण्ये । हेतीनामस्त्राणां ततिभिः समुदायैर्हत्या प्रहारेण श्रान्ताः क्लान्ताः । दैवगत्या शुभादृष्टवशेन । अनुत्क्रान्तं न निर्गतं जीवितं प्राणा

मालवेश राजा मानसारने अनेकों प्रकारके शस्त्रोंके प्रयोग करनेमें निपुण एवं इन्द्रके समान योद्धा मगधेन्द्रके ऊपर महेश्वरसे प्राप्त गदा मार दी ।

(३१) यद्यपि मगधेशने अपने तीक्ष्ण बाणोंके प्रहारोंसे उस गदा को खण्ड-खण्ड कर काट दिया । परन्तु भगवान् शिवजीके प्रभावसे उस गदाने रथके सारथीको मारकर मगधेशको भी मूर्च्छित कर दिया ।

(३२) तब रथके घोड़ोंने, जो वीत-प्रग्रह (बेलगाम) तथा अक्षतविग्रह थे, उस रथको खींचते-खिंचाते उसी स्थानपर सौभाग्यसे ला दिया जहाँपर अन्तःपुरकी रमणियाँ मेनाकी रक्षामें थी—अर्थात् विन्ध्याटवी पहुँचा दिया ।

(३३) मालवेशने भी विजयश्रीको प्राप्त करके प्रवृद्ध राज्य मगधकी राजधानी पुष्पपुरीमें प्रवेश किया और राज्यशासन करने लगा ।

(३४) युद्धमें शस्त्रोंके प्रहारोंसे ताडित होकर मूर्च्छित परन्तु दैवगतिसे जीवित मन्त्रिगण

निशान्तवातलब्धसंज्ञाः कथंचिदाश्वस्य राजानं समन्तादन्वीक्ष्यानवलोकितवन्तो दैन्यवन्तो देवीमवापुः ।

(३५) वसुमती तु तेभ्यो निखिलसैन्यक्षतिं राज्ञोऽदृश्यत्वं चाकर्ण्योद्विग्ना शोकसागरमग्ना रमणानुगमने मतिं व्यधत्त ।

(३६) 'कल्याणि, भूरमणमरणमनिश्चितम् । किञ्च दैवज्ञकथितो मथितोद्धताराति: सार्वभौमोऽभिरामो भविता सुकुमारः कुमारस्त्वदुदरे वसति । तस्मादद्य तव मरणमनुचितम्' इति भूपितैर्भाषितैरमात्यपुरोहितैरनुनीयमानया तया क्षणं क्षणहीनया तूष्णीमस्थायि ।

येषां ते । निशान्तवातेन प्राभातिकवायुना लब्धा पुनः प्राप्ता संज्ञा चैतन्यं यैस्ते । समन्तादितस्ततः । अन्वीक्ष्य अन्विष्य । दैन्यवन्तोऽतिविषण्णाः । देवीं महिषीं वसुमतीम् ।

(३५) तेभ्योऽमात्येभ्यः । तत्सकाशादित्यर्थः । निखिलसैन्यक्षतिं सकलसैन्यविनाशम् । अदृश्यत्वमन्तर्धानम् । आकर्ण्य श्रुत्वा । उद्विग्ना व्याकुला । रमणानुगमने पतिमनु मरणे मतिं व्यधत्त निश्चयं कृतवती ।

(३६) कल्याणि हे मङ्गलमयि ! राज्ञीसम्बोधनमेतत् । भूरमणस्य राज्ञो मरणं मृत्युः दैवज्ञैर्ज्यौतिषिकैः । कथित आदिष्टः । मथिता मर्दिता उद्धता दृप्ता अरातयः शत्रवो येन सः । मथिष्यमाणा इत्यर्थे मथिता इति । सार्वभौमश्चक्रवर्त्ती । अभिरामो मनोहरः । भविता भावी जनिष्यमाण इत्यर्थः । सुकुमारः कोमलः । कुमारः पुत्रः । तस्मात् गर्भवत्त्वात् । अनुचितमयुक्तम् । भूपितमलङ्कृतं शोभनमिति भावः भाषितं कथनं येषां तैः । क्षणहीनया उत्सवशून्यया । अस्थायि स्थितम् । स्थाधातोर्भावेलुङ् ।

प्रातःकालिक शीतल पवनके स्पर्शसे उद्बोधित होकर स्वस्थ हो गये । और चारों ओर राजा राजहंसको खोजने लगे । किन्तु, जब वे उन्हें न पा सके तो खिन्न होकर महारानीके समीप पहुँचे ।

(३५) महारानी वसुमती सेनाकी क्षति तथा राजाकी अदृश्यताकी बातें मन्त्रियोंके मुखोंसे जानकर अति दुःखी हुई और उद्विग्नमनसे शोकसागरमें निमग्न होकर पतिका अनुगमन करनेका निश्चय कर लिया—मरनेको उद्यत हो गयीं ।

(३६) इसपर अमात्योंने एकत्र होकर कहा—'हे कल्याणि ! प्रथमतः तो राजाका मरण अनिश्चित है तथा दूसरे दैवज्ञोंके कथनानुसार आपके उदरमें सुकुमार राजकुमार है जो चक्रवर्त्ती एवं शत्रुओंको नाश करनेवाला होगा । अतः आपका मरना इस समय अनुचित है । इस प्रकारके प्ररोचक वचनोंको श्रवणकर-मन्त्रियों और पुरोहितोंके समझाने पर रानी वसुमती उत्सवहीना होकर कुछ भी उत्तर न दे सकीं । चुप होकर बैठी रहीं ।

(३७) अथार्धरात्रे निद्रानिलीननेत्रे परिजने विजने शोकपारावारमपारमुत्तर्तुमशक्नुवती सेनानिवेशदेशं निःशब्दलेशं शनैरतिक्रम्य यस्मिन्रथस्य संसक्ततया तदानयनपलायनश्रान्ता गन्तुमक्षमाः क्ष्मापतिरथ्याः रथ्याकुलाः पूर्वमतिष्ठंस्तस्य निकटवटतरोः शाखायां मृतिरेखायामिव क्वचिदुत्तरीयार्धेन बन्धनं मृतिसाधनं विरच्य मर्तुकामाभिरामा वाङ्माधुरीविरसीकृतकल-कण्ठ-कण्ठा साश्रुकण्ठा व्यलपत्—'लावण्योपमितपुष्पसायक, भूनायक, भवानेव भाविन्यपि जन्मनि वल्लभो भवतु' इति।

(३८) तदाकर्ण्य नीहारकरकिरणनिकरसंपर्कलब्धावबोधो मागधो-

(३७) अर्धरात्रे निशीथे। निद्रया निलीने परिमिलिते नेत्रे नयने यस्मिन्। परिजनेऽनुचरमण्डले। विजने निर्जने एकान्ते इत्यर्थः। शोकपारावारं शोकसागरम्। अपारं दुस्तरम्। उत्तर्तुं लङ्घयितुम्। सेनानिवेशस्य शिविरस्य देशं प्रदेशम्। निर्नास्ति शब्दस्य लेशो लवोपि यस्मिंस्तद् यथा तथा। संसक्ततया संलग्नतया। तस्य राज्ञः आनयने वहने श्रान्ताः परिश्रान्ताः अत एव गन्तुं चलितुम् अक्षमा असमर्थाः। क्ष्मापतेः राज्ञो राजहंसस्य। रथ्या अश्वाः। पथि मार्गे आकुलाः दूरगमनेनातिशयक्लान्ताः। निकटवटतरोः समीपस्थवटवृक्षस्य। मृतेर्मरणस्य रेखा लेखा चिन्हभूतेति भावः तस्याम्। बन्धनं पाशम्। मृतिसाधनं मरणसाधकम्। विरचय्य विधाय। मर्तुं कामोऽभिलाषो यस्याः सा। वाङ्माधुर्य्या वचनमाधुर्य्येण विरसीकृतो नीरसीकृतः कलकण्ठस्य कोकिलस्य कण्ठो यया सा। साश्रुकण्ठा सगद्गदस्वरा। व्यलपत् रुरोद। लावण्येन देहसौन्दर्य्येण उपमितस्तुलितः पुष्पसायकः कामो येन तत्सम्बोधने। भूनायक भूपते। भाविनि भविष्यति। वल्लभः पतिः।

(३८) नीहाराः शीतलाः कराः किरणा यस्य सः नीहारकरश्चन्द्रस्तस्य किरणनिकरस्य मयूखसमूहस्य सम्पर्केण संस्पर्शेन लब्धः प्राप्तोऽवबोधश्चैतन्यं येन सः।

(३७) जब आधी रातमें सब दास-भृत्य आदि सो गये तब एकान्तमें महारानी वसुमती, जो अपार शोक समुद्रको पार करनेमें अपनेको असमर्थ समझती थीं, धीरे-धीरे उस स्थानपर गयीं जहाँ पर राजाके रथको लिये हुए घोड़े थककर शान्तिकी निद्रा ले रहे थे। उसीके समीप बड़के पेड़की मृत्युरेखा सदृश किसी शाखामें उत्तरीय वस्त्र (चादर) को बाँधकर (फाँसीकी रस्सीसी बनाकर) मरनेके लिए तत्पर हो गयीं। जो कोयलकी ध्वनिको भी तिरस्कृत कर चुकी थीं ऐसी मीठी ध्वनिसे रोदन करके कहने लगीं—'हे लावण्यतामें उपमित कामदेवके समान राजन्! आप पुनः मेरे आगामी जीवनमें भी प्राणपति हों।'

(३८) रानीके विलाप करनेपर तथा शीतल चन्द्रकी किरणोंसे स्पर्शित होकर एवं मग

ऽगाधरुधिरविक्षरणनष्टचेष्टो देवीवाक्यमेव निश्चिन्वानस्तन्वानः प्रियवचनानि शनैस्तामाह्वयत् ।

(३९) सा ससंभ्रममागत्यामन्दहृदयानन्दसंफुल्लवदनारविन्दा तमुपोषिताभ्यामिवानिमिषताभ्यां लोचनाभ्यां पिबन्ती विकस्वरेण स्वरेण पुरोहितामात्यजनमुच्चैराहूय तेभ्यस्तमदर्शयत् ।

(४०) राजा निटिलतटचुम्बितनिजचरणाम्बुजैः प्रशंसितदैवमाहात्म्यैरमात्यैरभाणि—'देव, रथ्यचयः सारथ्यपगमे रथं रभसादरण्यमनयत्' इति ।

मागधो मगधाधिपतिः । अगाधस्य प्रभूतस्य रुधिरस्य शोणितस्य विक्षरणेन विशेषतोऽपगमेन नष्टा विलुप्ता चेष्टा दैहिकप्रयत्नो यस्य सः । देवीवाक्यं वसुमतीविलापमेव निश्चिन्वानः देव्येवेयं नान्या विलपतीति निश्चयं कुर्वन् । तन्वानो विस्तारयन् ।

(३९) ससम्भ्रमं सत्वरम् । अमन्देन प्रचुरेण हृदयानन्देन हर्षेण संफुल्लं सम्यग् विकसितं वदनारविन्दं मुखकमलं यस्याः सा । तं राजानम् । उपोषिताभ्यां दर्शनार्थमत्युत्कण्ठिताभ्यामिवेति क्रियोत्प्रेक्षा—अत एव अनिमिषिताभ्यां निर्निमेषाभ्यां लोचनाभ्यां नयनाभ्यां पिबन्ती सादरं विलोकयन्ती । विकस्वरेण अतिस्पष्टेन । तेभ्यः पुरोहितामात्येभ्यः । तं राजानम् ।

(४०) निटिलतटेन भालस्थलेन चुम्बितं स्पृष्टं निजचरणाम्बुजं स्वपादपद्मं यस्तैरमात्यैरित्यस्य विशेषणम् । प्रशंसितं स्तुतं दैवस्यादृष्टस्य माहात्म्यं प्रभावो यैस्तैः । अभाणि—शब्दार्थभणधातोः कर्मणि लुङ् । कथित इत्यर्थः । रथं वहन्तीति रथ्या अश्वास्तेषां चयः समूहः । सारथेः सूतस्यापगमे विनाशे सतीति शेषः । रभसाद् वेगात् । इत्यन्तं अभाणीत्यस्य कर्म ।

पवनके थपेड़ोंसे सञ्चरित होकर वह राजा जो अत्यन्त रक्तके प्रवाहसे निश्चेष्ट हो गया था कुछ-कुछ प्रबुद्ध हो उठा और उसने रोदन-ध्वनिको ज्ञातकर निश्चय कर लिया कि यह ध्वनि मेरी वल्लभा रानीकी है ऐसा समझकर उसने धीमी आवाजसे रानीको सम्बोधित किया ।

(३९) राजाकी ध्वनिसे उत्पन्न हुए हर्षसे रानीका मुखकमल प्रफुल्लित हो गया । तत्क्षणही उनको वह व्रतीकी भाँति एकटक देखने लगी । फिर उच्चस्वरसे पुरोहित एवं मन्त्रियोंको बुलाकर उनका दर्शन कराया ।

(४०) मन्त्रियोंने बद्धाञ्जलि करके राजाको प्रणाम किया तथा परमेश्वरको धन्यवाद देते हुए निवेदन किया—'हे महाराज ! सारथीके निधनपर ज्ञात होता है घोड़ोंने बड़ी तेजीसे रथको लाकर इस सघन वनमें रख दिया ।'

(४१) 'तत्र निहतसैनिकग्रामे संग्रामे मालवपतिनाराधितपुरारातिना प्रहितया गदया दयाहीनेन ताड़ितो मूर्छामागत्यात्र वने निशान्तपवनेन बोधितोऽभवम्' इति महीपतिरकथयत्।

(४२) ततो विरचितमहेन मन्त्रिनिवहेन विरचितदैवानुकूल्येन कालेन शिबिरमानीयापनीताशेषशल्यो विकसितनिजाननारविन्दो राजा सहसा विरोपितव्रणोऽकारि।

(४३) विरोधिदैवधिक्कृतपुरुषकारो दैन्यव्याप्ताकारो मगधाधिपतिरधिकाधिरमात्यसंमत्या मृदुभाषितया तया वसुमत्या मत्या कलितयाच समबोधि।

(४१) निहतो निःशेषं विनष्टः सैनिकानां योधानां ग्रामः समूहो यस्मिन् तथाभूते। आराधितः सन्तोषितः पुरारातिर्महादेवो येन तथाभूतेन। प्रहितया प्रक्षिप्तया। दयया हीनो दयाहीनस्तेन निर्दयेनेत्यर्थः। आगत्य प्राप्य। निशाया रजन्या अन्तः शेषो निशान्तःप्रभातं तस्य पवनेन तत्सम्बन्धिसमीरणेन बोधितो लब्धसंज्ञोऽभवम् अहमिति शेषः।

(४२) विरचितः कृतो मह उत्सवो येन तथाभूतेन। मन्त्रिनिवहेन अमात्यसंघेन विरचितं सम्पादितं दैवस्यानुकूल्यं साहाय्यं येन तथाभूतेन। कालेनेत्यस्य विशेषणम्, शुभमुहूर्त्ते इति भावः। शिबिरं सेनानिवेशम्। अपनीतानि दूरीकृतानि अशेषाणि सर्वाणि शल्यानि बाणाग्राणि यस्य सः। विकसितं प्रसन्नं निजाननारविन्दं स्वमुखकमलं यस्य सः। विरोपिता औषधादिना चिकित्सिता व्रणा यस्य सः।

(४३) विरोधिना प्रतिकूलेन दैवेन भागधेयेन धिक्कृतस्तिरस्कृतः पुरुषकारः विक्रमो यस्य सः। दैन्येन खेदेन व्याप्त आक्रान्तः आकारः स्वरूपं यस्य सः। अधिकाधिकोऽतिशयेनाधिक आधिर्मनोव्यथा यस्य सः। पुंस्याधिर्मानसी व्यथेत्यमरः। अमात्यानां मन्त्रिणां संमत्याऽनुमोदनक्रमेण। मृदु कोमलं भाषितंवचनं यस्यास्तया। मत्या बुद्धया। कलितया युक्तया। समबोधि विज्ञापितः। बुध्धातोः कर्मणि लुङ्।

(४१) महाराजने उत्तर देते हुए कहा—'जब संग्राममें सब सैनिक मार डाले गये तब मालवेश मानसारने शिव-प्रसादसे प्राप्त गदा मुझे मारी जिससे मैं मूर्च्छित हो गया और इस वनके प्रातःकालिक शीतल पवनस्पर्शसे प्रतिबोधित हुआ।'

(४२) तत्पश्चात् अमात्योंने अनेक प्रकारके उत्सव मनाये और राजाकी प्राणरक्षाके निमित्त देवाराधन किया। तथा राजाको शिविरमें लाकर अस्त्रोंके व्रणोंकी औषध की। समुचित उपचारसे राजा शीघ्र ही प्रसन्नमुख-प्रहृष्टवदन—हो गया-शीघ्र अच्छा हो गया।

